## न्यूज डायरी



### पिता की तस्वीर इस्तेमाल करने पर मांगे 30 मिलियन डॉलर मुआवजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शांघाई। मशहूर मॉर्शल आर्टिस्ट ब्रूस ली की बेटी की कंपनी ने एक फूड चेन पर 30 मिलियन डॉलर का केस दर्ज किया है। ब्रूस ली की उद्यमी बेटी शेनन ने फूड चेन कंपनी पर बिना परिवार की अनुमति के पिता की तस्वीरें इस्तेमाल करने के लिए केस किया है। शेनन की कंपनी ब्रूस ली एंटरप्राइजेज ने रेस्तरां चेन कुंगफू कैटरिंग मैनेजमेंट पर बौद्धिक संपदा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया है। शेनन का आरोप है फूड चेन कंपनी ने उनके पिता की तस्वीर का इस्तेमाल कंपनी के लोगो में 15 वर्षों तक किया। फूड चेन ने बौद्धिक संपदा अधिकार के तहत भुगतान किए बिना ही तस्वीर का प्रयोग किया। फूड चेन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन के अधिकारियों और विभिन्न विभागों की स्वीकृति के बाद ही तस्वीर का प्रयोग किया गया है।

### दक्षिण कोरिया अदालत ने खारिज किया जापान सेक्स गुलाम समझौता को रद्द करने का प्रयास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने जापान के साथ 2015 में हुए एक समझौते को रद्द करने के अनुरोध वाली अर्जी शुक्रवार को खारिज कर दी। यह समझौता द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना द्वारा सेक्स के लिए गुलाम बनाई गईं कोरियाई महिलाओं को लेकर विवाद के समाधान से संबंधित है। समझौते को रद्द करने का निर्णय दोनों देशों द्वारा व्यापार और इतिहास के विवादों को सुलझाने के प्रयासों को जटिल बना सकता था। अदालत का शुक्रवार को फैसला पूर्व सेक्स गुलामों और उनके परिवारों द्वारा दायर एक अर्जी पर आया। उनका कहना है कि समझौता उनकी सहमति के बिना किया गया। इन लोगों का यह भी आरोप था कि समझौता उनकी गरिमा को कमतर करता है तथा वार्ता में शामिल होने एवं जापानी सरकार से पूर्ण मुआवजा मांगने के अधिकार में हस्तक्षेप करता है।

### फिलीपीन में क्रिसमस पर आए तूफान में 28 की मौत, 12 लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। मध्य फिलीपीन में क्रिसमस के दिन दूरदराज के गांवों और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में तबाही मचाने वाले भीषण तूफान 'फनफोन' के कारण कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 12 लोग लापता हो गये। तूफान के कारण हजारों लोगों को बेघर पड़ा। तूफान की ध्विभीषिका इतनी अधिक थी कि एक आपदा प्रतिक्रिया अधिकारी ने क्रिसमस के दिन इलोइलो प्रांत के तटीय शहर बाटाड को ष्घोस्ट टाउनष् के रूप में वर्णित किया। अधिकारियों ने मध्य फिलीपीन में 28 लोगों की मौत होने की पुष्टि की। मध्य क्षेत्र में 25,000 से अधिक लोग बंदरगाहों के पास फंसे हुए हैं। मध्य फिलीपीन में इस तूफान के कारण लाखों लोगों के क्रिसमस के जश्न पर विराम लग गया। पुलिस ने बताया कि एक के बाद एक कई द्वीप तूफान की चपेट में आते गए। बड़ी संख्या में लोगों को राहत शिविरों में ले जाया गया।

### कजाख्स्तान विमान हादसा, नौ लोगों की मौत : सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। कजाख्स्तान के अल्माती अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में नौ लोग मारे गए हैं। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। विमान में 100 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। एपी की खबर के अनुसार, विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद कंक्रीट के बाड़े और दो मंजिला भवन से टकरा गया था। हवाईअड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर विमान ने अपना संतुलन खो दिया। अल्माती हवाईअड्डे ने अपने फेसबुक पन्ने पर एक बयान में कहा कि कोई आग नहीं लगी थी। हादसे के तुरंत बाद राहत कार्य शुरु हो गया। विमान नूर–सुल्तान जा रहा था। एएफपी की खबर में आपात मामलों के मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि नौ लोग मारे गए हैं और नौ अन्य घायल हुए हैं। विमान देश के सबसे बड़े शहर और पूर्व राजधानी अल्माटी से कजाकिस्तान की राजधानी नूरसुल्तान के लिए रवाना हुई थी।

# एनआरसी से जुड़कर सीएए भारत के मुसलमानों के दर्जे को कर सकता है प्रभावित

**रिपोर्ट**

## बाजवा के एक्सटेंशन के लिए फिर कर रहा जोड़–तोड़

संशोधित नागरिकता कानून पर सीएसआर की यह पहली रिपोर्ट है




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कांग्रेशनल रिसर्च सर्विस (सीआरएस) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मोदी सरकार द्वारा संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के साथ लाने से भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों का दर्जा प्रभावित हो सकता है। यह रिपोर्ट 18 दिसंबर को आई। इसमें कहा गया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश की नागरिकता संबंधी प्रक्रिया में धार्मिक पैमाने को जोड़ा गया है।

सीआरएस अमेरिकी कांग्रेस की एक स्वतंत्र शोध इकाई है जो घरेलू और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर समय–समय पर रिपोर्ट तैयार करती है ताकि सांसद उनसे जुड़े फैसले ले सकें। हालांकि, इन्हें अमेरिकी कांग्रेस की आधिकारिक रिपोर्ट नहीं माना जाता है।

संशोधित नागरिकता कानून पर सीएसआर की यह पहली रिपोर्ट है। इसमें कहा गया, संघीय सरकार की एनआरसी की योजना को सीएए के साथ लाने से भारत के लगभग 20 करोड़ मुस्लिम अल्पसंख्यकों का दर्जा प्रभावित हो सकता है। संशोधित नागरिकता कानून के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न से बचकर 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए गैर–मुस्लिम शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है। सीआरएस ने दो पन्नों की अपनी रिपोर्ट में कहा, भारत का नागरिकता कानून 1955 अवैध प्रवासियों के नागरिक बनने को प्रतिबंधित करता है। तब से इस कानून में कई संशोधन किए गए लेकिन उनमें से किसी में भी धार्मिक पहलू नहीं था।

सीआरएस का दावा है कि संशोधन के मुख्य प्रावधान जैसे कि तीन देशों के मुस्लिमों को छोड़कर छह धर्मों के प्रवासियों को नागरिकता की अनुमति देना भारत के संविधान के कुछ अनुच्छेद, खासकर अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन कर सकता है। इसमें कहा गया, कानून के समर्थकों का तर्क है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान में मुस्लिमों को उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ता है और सीएए संवैधानिक है क्योंकि यह भारतीय नागरिकों से नहीं प्रवासियों से संबंधित है। हालांकि यह साफ नहीं है कि अन्य पड़ोसी देशों के प्रवासियों को इससे बाहर क्यों रखा गया है। इसके अलावा पाकिस्तान के अहमदिया और शिया जैसे मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदायों को सीएए के तहत कोई संरक्षण प्राप्त नहीं है।

## बेनजीर भुट्टो की पुण्यतिथि पर पीपीपी को कोर्ट ने दी रैली की इजाजत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। लाहौर हाईकोर्ट (एलएचसी) ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लियाकत बाग में एक रैली आयोजित करने की अनुमति दे दी है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, गुरुवार को यह अनुमति दी गई। रावलपिंडी के उपायुक्त सैफुल्लाह डोगार ने कहा था कि पुलिस और विशेष शाखा ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण कार्यक्रम स्थल पर एक सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं करने की सिफारिश की थी। रावलपिंडी पीठ ने इस फैसले को खारिज कर दिया और 27 दिसंबर को पीपीपी को सार्वजनिक रैली आयोजित करने की अनुमति दे दी। गुरुवार के आदेश के पहले, पीपीपी की ओर से कहा गया था कि लियाकत बाग में बेनजीर भुट्टो की पुण्यतिथि पर रैली जरूर आयोजित होगी।

पार्टी की ओर से कहा गया था कि भले हमें रैली की अनुमति नहीं मिले, लेकिन आयोजन होगा। भुट्टो की 27 दिसंबर, 2007 को गोली मारकर उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वह लियाकत बाग में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। गोली लगने के तुरंत बाद एक आत्मघाती बम विस्फोट भी हुआ जिसमें 23 अन्य लोग मारे गए थे। बेनजीर पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं।



**क्रोएशिया की राजधानी में ड्रिंक करनेवालों के लिए बना हैंगओवर म्यूजियम**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जैग रेब। ड्रिंक करने के बाद हैंगओवर होना एक सामान्य समस्या है। क्रोएशिया की राजधानी में एक ऐसा म्यूजियम बनाया गया है जो खास तौर पर हैंगओवर के बाद के लिए ही है। क्रोएशिया की राजधानी में बने इस म्यूजियम में दुनियाभर के लोग नशे के बाद अपने दिल का हाल बताकर जा रहे हैं। नशे की हालत में पहुंचे लोग इस म्यूजियम में अपनी भावनाओं का खुलकर इजहार करते हैं और कुछ लोग सिर्फ मस्ती के लिए पहुंचते हैं। म्यूजियम के संचालक रॉबटा मिकेलिक और उनके बॉयफ्रेंस रिनो डुबोकोविक ने म्यूजियम खोलने पर अपना विचार साझा किया।

## ईरान में न्यूक्लियर प्लांट के पास भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। दक्षिणी ईरान में शुक्रवार तड़के देश के एकमात्र परमाणु संयंत्र के पास मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से जान–माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप सुबह 5:23 बजे ईरान के बुशहर प्रांत में आया। इसकी तीव्रता 5.1 थी और भूकंप की गहराई 38 किलोमीटर (24 मील) थी।

भूकंप से नहीं हुआ कोई नुकसान ईरान के सरकारी मीडिया ने अभी तक भूकंप के बारे में कोई खबर नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया के अनुसार, ईरान के

- अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, सुबह 5:23 बजे ईरान के बुशहर प्रांत में आया
- ईरान के परमाणु संयत्र के पास आए इस भूकंप में अभी तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं आई है
- भूकंप का क्षेत्र परमाणु संयत्र के पास 38 किमी. तक था,

स्थानीय समयानुसार सुबह 5.38 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का क्षेत्र परमाणु संयत्र के पास 38 किमी. तक था। अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप की तीव्रता 5 रहने पर आम तौर पर मामूली नुकसान संभव है, लेकिन ईरान ने परमाणु संयत्र के निर्माण में इसका खास तौर पर ध्यान रखा है कि इससे भी अधिक तीव्रता के भूकंप झटकों को झेला जा सके।

**भूकंप के लिहाज से संवेदनशील हैं ईरान के शहर**

भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के लिहाज से ईरान काफी संवेदनशील है। ईरान के कई शहर अतीत में भूकंप के कारण काफी नुकसान झेल चुके हैं। 2003 में देश के ऐतिहासिक शहर बाम में 6.6 की तीव्रता से भूकंप आया था। इस भूकंप में बाम शहर को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ और 26 हजार लोगों की मौत हो गई थी। बाम शहर ईरान के परमाणु संयत्र के काफी पास है।

### इमरान के मंत्री शेख रशीद विवादित विडियो चौट में फंसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सोशल मीडिया स्टार हरीम शाह ने इमरान खान सरकार के मंत्री पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। हरीम ने अपने सोशल मीडिया पर कथित तौर पर एक विडियो शेयर किया है जिसमें पाक के रेल मंत्री उनसे बात करते नजर आ रहे हैं। इस विडियो चौट में कथित तौर पर अश्लील बातें करने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, बाद में हरीम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से विडियो हटा लिया और कहा कि कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। शेख रशीद वही मंत्री हैं जिन्होंने भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दी थी। इमरान खान की सरकार में रेल मंत्री शेख रशीद के साथ विडियो कॉल की फुटेज शेयर करने के कारण हरीम इन दिनों चर्चा में हैं। विडियो में उन्होंने पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद पर आरोप लगाया है कि वह उन्हें अश्लील विडियो भेजते थे। इमरान खान के मंत्री शेख रशीद अपने बयानों के कारण चर्चा में रहते हैं। वह कई बार भारत को युद्ध में हराने का दावा कर चुके हैं और अक्सर भी भारत को परमाणु युद्ध की धमकी तक दे चुके हैं।